दैनिक भास्कर

अजमेर 17-05-2025

# मेटल उत्पादन के साथ कला संरक्षण में योगदान कर रही हिंदुस्तान जिंक

अजमेर | वेदांता समूह की कंपनी और दुनिया की सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक, हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड मेटल्स के उत्पादन के साथ साथ भारत की समृद्ध कलात्मक विरासत को संरक्षित करने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। कारीगर नेटवर्क, गैर सरकारी संगठनों के साथ मिलकर, हिंदुस्तान जिंक ने अजमेर में एक ब्लॉक प्रिंटिंग इकाई स्थापित की है। कंपनी ने हेरिटेज टेक्सटाइल आर्ट को और बढ़ावा देने के लिए अजरख प्रिंटिंग पहल भी शुरू की है। सखी ब्लॉक प्रिंटिंग यूनिट की प्रशिक्षु शर्मिला कहती हैं इस पहल का हिस्सा बनने से मुझे न केवल एक कौशल सीखने को मिला है, बल्कि मुझे अपने पैरों पर खड़े होने में भी मदद मिली है। हिंदुस्तान जिंक वेदांता उदयपुर वर्ल्ड म्यूजिक फेस्टिवल जैसे बड़े आयोजन के माध्यम से प्रदर्शन कलाओं को बढ़ावा दे रहा है। 2025 में, हिंदुस्तान जिंक ने जावर, रामपुरा आगुचा, चंदेरिया, दरीबा और पंतनगर में सखी उत्सव आयोजित किए।